# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद।

पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)/2015 दिनांकः ~~दिसम्बर~~ 6 ,2016 जनवरी

## शुद्धि पत्र

उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांक 26–11–2015 द्वारा उपनिरीक्षक ना0पु0 प्रशिक्षण बैच–1997–98 तक के उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अनन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी। अनन्तिम वरिष्ठता सूची में निर्धारित वरिष्ठता के बारे में आपत्तियॉं प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 05–12–2015 निर्धारित की गयी थी। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों से यह भी अपेक्षा की गयी थी कि वह इस सूची को पुलिस लाइन/थानों/कार्यालय/प्रशिक्षण संस्थानों/सम्बन्धित स्थानों पर/शाखा/इकाई में ब्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए उपनिरीक्षको को सूचित किया जाये तथा यदि किसी उपनिरीक्षक का नाम छूटा है अथवा डाटा त्रुटिपूर्ण है तो उसे संशोधित करा लिया जाय। इस सूची को उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in** पर भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही बहुप्रचार, प्रसार हेतु दिनांक 28–11–2015 एवं 29–11–2015 को प्रदेश स्तरीय अंग्रेजी एवं हिन्दी तथा स्थानीय स्तर के दैनिक हिन्दी समाचार पत्रों में सर्व साधारण के सूचनार्थ अनन्तिम वरिष्ठता प्रकाशित करने एवं आपत्तियॉं आमन्त्रित करने की अन्तिम तिथि 05–12–2015 होने के तथ्य से सूचित किया गया था।

2– उक्त सन्दर्भ में जनपद/इकाईयों से प्राप्त संशोधन एवं आपत्तियों का निराकरण करते हुए पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याः पॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांक 17–12–2015 द्वारा अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गयी, जिसमें कुल–1418 उपनिरीक्षकों के नाम सम्मिलित है। अन्तिम वरिष्ठता सूची उ0प्र0 पुलिस की उपरोक्त वेबसाईट पर सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ प्रदर्शित की गयी।

3– अन्तिम वरिष्ठता सूची प्रकाशन के पश्चात विलम्ब से वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ एवं औरैया के क्रमशः पत्र संख्याःप–138/2015 (पदोन्नति) दिनांक 19–12–2015 व प–77/15 दिनॉंक 25–12–2015 द्वारा अवगत कराया गया है कि उपनिरीक्षक ना0पु0 सुरेश चन्द्र बधौतियॉं पुत्र श्री लाल सिंह पीएनओ 772330842 जनपद मेरठ व नवाब अली पुत्र हबीब खॉन पीएनओ 782240654 जनपद औरैया प्रशिक्षण बैच–1997–98 के उपनिरीक्षक नियुक्त हैं एवं सम्बन्धित उपनिरीक्षक का विवरण उपलब्ध कराया गया। उक्त उपनिरीक्षकों द्वारा जारी वरिष्ठता सूची के सन्दर्भ में कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया। वरिष्ठता सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ एवं औरया द्वारा विलम्ब से आख्या एवं विवरण भेजा गया है।

4– वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ एवं औरैया से प्राप्त संदर्भ के निस्तारण हेतु उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरान्त निम्नलिखित तथ्य प्रकाश में आयेः–

1– उपनिरीक्षक ना0पु0 की नामावली को पुलिस मुख्यालय स्तर पर उ0प्र0 पुलिस नामिनल रोल डाटा बेस प्रणाली में जनपदों एवं इकाइयों द्वारा उनके जिले/इकाई में नियुक्त उपनिरीक्षकों के बारे में पूर्ण की गयी सूचनाओं के आधार पर मिलान कर तैयार किया गया। वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ एवं औरैया स्तर से निर्धारित तिथि 06–12–2015 तक सम्बन्धित उपनिरीक्षकों के सम्बन्ध में कोई आख्या एवं आपत्ति पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी।

2– नैसर्गिक न्याय के दृष्टिगत वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ एवं औरैया से प्राप्त संदर्भ पर सम्यक विचार कर उपनिरीक्षक ना0पु0 सुरेश चन्द्र बधोतिया पीएनओ 772330842 जनपद मेरठ व नवाब अली पीएनओ 782240654 जनपद औरैया के अधिकार को सुरक्षित रखने के दृष्टिगत उनके बारे में वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ एवं औरैया से प्राप्त संदर्भ को केवल इस आधार पर निस्तारित न करना उचित नहीं पाया गया कि उपनिरीक्षकों की अन्तिम वरिष्ठता सूची दिनांक 17–12–2015 को प्रकाशित की जा चुकी है तथा इनके द्वारा कोई प्रत्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतएव न्यायहित में प्राप्त संदर्भ को निस्तारित किया जाना आवश्यक पाया गया। इससे किसी अन्य उपनिरीक्षक के अधिकार का हनन नहीं होता है तथा उसके भी हित सुरक्षित हैं।

3– पुलिस मुख्यालय स्तर पर उपलब्ध पीटीसी परीक्षाफल के परीक्षण करने पर पाया गया कि उपनिरीक्षक ना0पु0 सुरेश चन्द्र बधौतिया पुत्र श्री लाल सिंह पीएनओ 772330842 जनपद मेरठ एवं नवाब अली पुत्र हबीब खॉं पीएनओ 782240654 जनपद औरैया दोनों प्रशिक्षण बैच–1997–98 के रैंकर उपनिरीक्षक है तथा इनके चेस्ट नं0 क्रमशः 545 व 603 तथा

पीटीसी प्राप्तांक–1074.00/1600 व 1046.25/1600 व प्रशिक्षण संस्थान पीटीसी सीतापुर हैं।

5– उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दोनों उपनिरीक्षक ना0पु0 के नाम पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2015 दिनांक 17–12–2015 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची में जोड़े जाने हेतु सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है।

6– इस प्रकार पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)2015 दिनांकः17–12–2015 द्वारा प्रशिक्षण सत्र–1997–98 तक की प्रकाशित अन्तिम वरिष्ठता सूची में उपनिरीक्षक ना0पु0 सुरेश चन्द्र बधोतिया पीएनओ 772330842 जनपद मेरठ की वरिष्ठता क्रमॉक– 788(a)/442(a) पर अर्थात उपनिरीक्षक ना0पु0 हेमन्त कुमार पीएनओ 982020078 के नीचे एवं उपनिरीक्षक ना0पु0 लिखी राम पीएनओ 790900186 के ऊपर तथा उपनिरीक्षक ना0पु0 नवाब अली पीएनओ 782240654 जनपद औरैया की वरिष्ठता क्रमॉक–1090(a)/744(a) अर्थात उपनिरीक्षक ना0पु0 लक्ष्मण सिंह पीएनओ 982011575 के नीचे एवं उपनिरीक्षक ना0पु0 कु0 मन्जू पांडे पीएनओ 982770205 के ऊपर अंकित करने का निर्णय लिया गया है।

| मुख्य क0सं0 | बैच क0सं0 | पर्सनल न0 | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | गृह जनपद | जन्म तिथि | PTC बैच | PTC प्राप्तांक | PTC पूर्णांक | PTC प्रतिशत | टेस्ट नंबर | PTC नाम | भर्ती तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 788 | 442 | 982020078 | हेमन्त कुमार | इन्द्रदेव सिंह | New Delhi | 30-Sep-66 | 1997-98 | 1070.75 | 1600.00 | 66.92 | 121 | PTC-2 | 10-Feb-98 |
| 788(a) | 442(a) | 772330842 | सुरेश चन्द्र बधौतिया | लाल सिंह | MATHURA | 10-Aug-58 | 1997-98 | 1074.00 | 1600.00 | 67.13 | 545 | PTC.3 | 22-Apr-77 |
| 789 | 443 | 790900186 | लिखी राम | हरी सिंह | MEERUT | 05-Jan-59 | 1997-98 | 1074.00 | 1600.00 | 67.13 | 424 | PTC-3 | 03-Oct-79 |
| 1090 | 744 | 982011575 | लक्ष्मण सिंह | खेम सिंह | GHAZIABAD | 01-Nov-66 | 1997-98 | 1042.00 | 1600.00 | 65.13 | 391 | PTC-2 | 10-Feb-98 |
| 1090(a) | 744(a) | 782240654 | नवाब अली | हबीब खॉ | HARDOI | 01-Sep-56 | 1997-98 | 1046.25 | 1600.00 | 65.39 | 603 | PTC 3 | 11-Jan-78 |
| 1091 | 745 | 982770205 | कु0 मन्जू पांडे | केदारनाथ पाण्डेय | DEORIA | 15-May-75 | 1997-98 | 1041.75 | 1600.00 | 65.11 | 468 | PTC-2 | 10-Feb-98 |

7– अतः अब अन्तिम वरिष्ठता सूची कुल 1420 उपनिरीक्षकों की है तथा पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्याःपॉच–470(वरिष्ठता)–2015 दिनांकः17–12–2015 द्वारा प्रकाशित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं अभिसूचना की संयुक्त अन्तिम वरिष्ठता सूची को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये।

6/1/16

(भगवान स्वरूप)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः**–वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, मेरठ/औरैया को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संख्या तथा दिनांक वही।**

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक,कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ

2– पुलिस महानिरीक्षक स्थापना उत्तर प्रदेश लखनऊ।

3– सदस्य सचिव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।

4– पुलिस महानिरीक्षक तकनीकी सेवायें उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस की वेबासाईट पर प्रदर्शित करने हेतु।

5– परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ एवं कानपुर।